दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज

TITLE CODE.: UTTHIN05386

हिन्दी अखबार

प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद

वेबसाईट पढ़े : www.missionnationalnews.com

वर्ष-2 अंक-357 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये

हरिद्वार, मंगलवार , 24 दिसंबर 2024



## कीर्तिमानों के सरताज धामी

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

देहरादून। क्षेत्र कोई भी हो, राजनीति से जुड़ा हो या खेल जगत से, उसमें एक कीर्तिमान स्थापित करना कोई आसान कार्य नहीं है। किसी को कुछ वर्ष लगते है तो कोई दशकों बाद ही ऐसा करने में कामयाब होता है। हैरानी तो तब महसूस होती है जब यह जानकारी मिलती है कि विभिन्न क्षेत्रों की कुछ हस्तियां ऐसी भी प्रकट होकर सामने आई हैं जिन्होंने अपने क्षेत्रों में एक नहीं बल्कि कई कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं और वह अभी भी रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कीर्तिमान स्थापित करने की ललक इन शख्सियतों में साफ देखने को मिलती है। यहीं कारण है कि इन्हें ह्रसरताजङ्ग की उपाधि से भी नवाजा जाता है। यह उत्तराखण्ड का सौभाग्य है कि ऐसी एक शख्सियत उसके पास भी है। यह शख्सियत कोई और नहीं बल्कि पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ही हैं। सीएम धामी को तो राजनीति के पंडित कीर्तिमानों का सरताज भी कहने से नहीं चूकते। उनका ऐसा कहना लाजमी भी है क्योंकि सीएम धामी ने अपने अल्प समय के शासन में उत्तराखण्ड में विकास की दृष्टि से बहुत कुछ ऐसा कर दिया है जिसके कल्पना पूर्व में रहे मुखियाओं ने शायद ही कभी की होगी। यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ही काबलियत थी कि एक समय में एंटी इन्कंबेंसी का शिकार हो चुकी भाजपा की पूर्व प्रचंड बहुमत की सरकार, जिसको नाकारने के लिए उत्त-राखण्ड की जनता ने अपना मन बना लिया था, उस एंटी इन्कंबेंसी को सीएम धामी ने लगभग 6 महीने (विधानसभा चुनाव 2022 से पूर्व) में प्रो इन्कंबेंसी में बदल दिया और सूबे की जनता को यह विश्वास दिला दिया था कि अब उनके राज में डबल ईंजन की सरकार जन सामान्य के हित में यथा संभव प्रयास करेगी। चुनाव परिणामों को देखकर यह साफ हो गया कि प्रदेश की जनता ने सीएम धामी पर अपना विश्वास जताया है। जनता के विश्वास को बरकरार रखते हुए सीएम धामी दिन रात जनसेवा में जुटे हुए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कीर्तिमानों के फहरिस्त वैसे तो बहुत लंबी है लेकिन उनमें से कुछ है ही ऐसी कि यदि उनका जिक्र न किया जाए तो यह उनके सुशासन के अन्याय ही होगा? सीएम धामी ने प्रदेश की जनता से वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि वह राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कराएंगे। अपने इस वादे को लेकर उनके दृढ़निश्चय का प्रमाण इस बात से स्वतः ही लग जाता है कि सत्ता संभालने के बाद ही उन्होंने मई 2022 को एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता का प्रारूप बनाने के लिए समिति का गठन किया था और समिति ने फरवरी 2024 को इसका ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित समान नागरिक संहिता विधेयक, 2024 विवाह एवं संपत्ति उत्तराधिकार के संबंध में कानूनों को सुदृढ़ करने का उद्देश्य रखता है। पुष्कर सिंह धामी सरकार के इस कदम से देश में यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य बन गया है और माना जा रहा है कि उत्तराखण्ड के पदचिन्हों पर चलते हुए देश के कई और राज्य भी इस दिशा में कदम उठाने का मन बना चुके हैं। समान नागरिक संहिता, आम जनता के लिए एक आवश्यक विषय है, और इस्-को लेकर जितनी संजीदगी सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दिखाई है, वैसे इससे पूर्व किसी और मुखिया ने नहीं दिखाई।

अपने अभी तक के सत्ता के सफर में भी मुख्यमंत्री धामी ने कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं, जिसकी वजह से उनके नाम का डंका पूरे देश में बोलता है। इसी वर्ष संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा को देश के कुछ राज्य में काफी कमतर आंका गया, वहीं उत्तराखण्ड में भाजपा ने इतिहास को दोहराते हुए एक बार फिर से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करते हुए यहां की पांचों लोकसभा सीटों पर अपना कब्जा जमाया। चर्चा है कि चुनाव से पूर्व भाजपा हाईकमान को उत्तराखण्ड सरकार के मुखिया ने आश्वस्त कर दिया था कि वह उन्हें सूबे की पांचों सीट तोहफे में देंगे, और हुआ भी ऐसा ही। उत्तराखण्ड के इन परिणामों ने पार्टी हाईकमान के सामने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कद काफी ऊंचा कर दिया है। वहीं हाल ही में केदारनाथ में हुए उपचुनाव में भी सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा ने जीत हासिल की है। यह जीत इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बाबा केदार के धाम से एक अनूठा लगाव है। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि कोई राजनेता जिसे यकायक एक बड़ी जिम्मेदारी मिले और वह उसे बखूबी निभाए। ऐसा करने के लिए प्रबल इच्छाशक्ति और दृढ़निश्चिता बहुत आवश्यक होती है और यह खूबियां सीएम धामी के पास प्रचुर मात्रा में है और इसीलिए ही वह कीर्तिमान स्थापित कर और कीर्तिमानों के सरताज बन गए हैं

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ओल्ड गुरूकुल कांगड़ी में अमरहुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज के 99वे बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्त महायज्ञ में प्रतिभाग लिया

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ओल्ड गुरूकुल कांगड़ी में अमरहुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज के 99वे बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्त महायज्ञ में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने देश की समता के लिए जो प्रयास और संघर्ष किया, वह स्मरण करने का दिन भी है। स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने 20वीं सदी के प्रारंभ में भारत में स्वतंत्रता और वैदिक शिक्षा का एक ऐसा आंदोलन खड़ा किया था, जिसने कट्टरपंथियों की ओर अंग्रेजों की नींव हिलाने का काम किया था। स्वामी श्रद्धानन्द जी के विचारों से प्रभावित होकर, हजारों की संख्या में दूसरे धर्म के लोगों ने पुनः सनातन को अपनाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धानंद महाराज ने 1902 में हरिद्वार की पवित्र धरती पर गुरुकुल रूपी बीजरोपित किया था, जो आज एक विशाल वट वृक्ष बनकर पूरी दुनिया को वैदिक शिक्षा का प्रकाश एवं शिक्षा देने का काम कर रहा है। यह विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि राष्ट्र निर्माण और वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार का भी एक मजबूत स्तंभ है। इस विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली में जहां एक ओर गौतम, कपिल, कणाद, जैमिनी आदि ऋषियों के जीवन दर्शन का पूरा समावेश है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रवाद की भावना का तत्व भी विद्यमान है। इसी विश्वविद्यालय से हजारों शिक्षार्थियों ने विश्व बन्धुत्व का भाव लेकर शिक्षा धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में एक वैश्विक पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कुटुंबकम की भावना से एक पृथ्वी-एक परिवार और एक भविष्य की अवधारणा को










वैश्विक मंचों पर साकार कर रहा है। आज भारत की हर उस बात को जो दुनिया के हित में है, मानवता के हित में है, जो प्रधानमंत्री के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है, उन्हें पूरी दुनिया अपना रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना काल में 100 से भी अधिक देशों को हमारी सरकार ने कोविड वैक्सीन उपलब्ध कराने का काम किया था। योग एवं आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर ले जाने, मानवता के एक सूत्र में पिरौने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार भी प्रदेश में सनातन संस्कृति के उन्नयन, संरक्षण, संवर्धन के लिए लगातार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। केदारनाथ के पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की पढ़ाई प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। जिसमें अनेक प्रकार के शोध और अनुसंधान के कार्य होंगे। इस केंद्र में हिंदू सभ्यता और संस्कृति से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर शिक्षण और शोध के कार्य के साथ अन्य नवाचार के कार्यों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सनातन संस्कृति के संवर्धन एवं वैदिक शिक्षा के प्रचार प्रसार के माध्यम से भारत को फिर से पुनःविश्व गुरू बनाने में अवश्य सफल होंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कुलाधिपति सत्यपाल मलिक, विधायक प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, कुवंर प्रणव चौम्पियन, संजय गुप्ता, विवेक ऑबराय, योगानंद शास्त्री, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल उपस्थित थे।

## बदला मौसम का मिजाज, ऊंचाई क्षेत्रों बर्फबारी



उत्तरकाशी मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। क्रिसमस और नए साल से पहले पहाड़ों में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना जताई थी। उधर मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूवार्नुसार राज्य के जनपदों में 2500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी होनें के दृष्टिगत जिलाधिकारी उत्तरकाशी ने आपदा प्रबंधन को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये है।

## संपादकीय

### पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके।

निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग-सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

## (चिंतन-मनन)

### धर्म की शरण

हर संसारी प्राणी अपनी सुरक्षा के लिए शरण की खोज करता है। प्राणी उपयुक्त शरण मिलने पर उसे स्वीकार भी कर लेता है। बहिर्दर्शी व्यक्ति अपने पारिवारिक जनों को शरण मानता है। परिवार के लोग किसी सक्षम सदस्य को शरण मानते हैं। किंतु वे तुम्हें त्राण और शरण देने में समर्थ नहीं हैं और तुम उनको त्राण या शरण देने में समर्थ नहीं हो। यह आगम-वाणी मनुष्य को अपनी सही स्थिति का बोध देती है। वह जब चारों ओर से अत्राण और अशरण होकर असहाय हो जाता है, उस समय उसकी अंतमरुखी चेतना में चार प्रकार की शरण आविर्भूत होती है- अर्हत, सिद्ध, साधु और धर्म। ये चार तत्व ऐसे हैं, जो व्यक्ति को शात शरण दे सकते हैं। इन चारों शरणों में तीन तत्व किसी अपेक्षा से परे भी हो सकते हैं किंतु चौथा तत्व धर्म अपना निजी ही है। इसकी शरण में जाने के लिए कोई अपेक्षा नहीं केवल अपनी वृत्तियों को मोड़ने की जरूरत है। धर्म क्या है? जो सबको समता और शांति का पाठ पढ़ाए, वह धर्म है। जिस धर्म के सहारे सुख-सुविधा के साधन जुटाए जाते हैं, प्रतिष्ठा की कृत्रिम भूख को शांत किया जाता है, प्रदर्शन और आडंबर को प्रोत्साहन दिया जाता है, उस धर्म की शरण स्वीकार करने से शांति नहीं मिल सकती। ऐसा धर्म समता का सूत्र नहीं दे सकता।

# समृद्ध किसान, समृद्ध भारत

**-सत्यपाल वशिष्ठ-**

एमएस स्वामीनाथन ने कहा था : ह्यअगर कृषि गलत हो गई, तो किसी और चीज को सही होने का मौका नहीं मिलेगा। ह्ल किसान देश की पूंजी हैं। देश के घरेलू उत्पाद की वृद्धि में कृषि महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। यदि किसान धनी हैं तो समूचा देश धनी है। भारत की अर्थव्यवस्था कृषि उत्पादन पर निर्भर करती है। इसलिए कृषि की भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुआयामी भूमिका है। प्राथमिक क्षेत्र, जिसमें कृषि आती है, द्वितीय एवं तृतीय क्षेत्र के लिए नींव है। कृषि ही सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाती है। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां किसानों को अन्नदाता और धरती पुत्र कहा जाता है। किसान मौसम की परवाह किए बिना तपती धूप, बारिश और कडकड़ाती ठंड में भी दिन-रात खेतों में काम करके इस देश की अर्थव्यवस्था के विकास और प्रगति में अपना अद्वितीय योगदान देते हैं। उनको अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी भी कहते हैं। हमारे देश में 60-70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। सकल घरेलू उत्पादन में कृषि का 20.2 प्रतिशत योगदान है। देश के कार्यबल में 47 प्रतिशित कृषि और किसानों का योगदान है। किसानों और कृषि की अहमियत समझते हुए किसानों के हित के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने बहुत काम किए। उन्हीं के समय किसान सशक्त हुए हैं। उन्होंने ऋण मोचन विधेयक व भूमि जोत अधिनियम तथा अन्य किसान हित के बहुत से कार्य करवा कर किसानों को राहत प्रदान की। इसलिए प्रतिवर्ष 23 दिसंबर के दिन भारतवर्ष में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। इस दिन को किसानों के हिमायती और उनको सशक्त बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हर वर्ष नए थीम को घोषित कर उस पर काम किया जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को देखते हुए ही अन्नदाताओं को सम्मान देने के लिए 2001 से प्रतिवर्ष देश भर में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन किसानों तथा कृषि से संबंधित विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों, वाद-विवाद, सेमिनारों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, चचाओं, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं और समारोहों का आयोजन किया जाता है। सरकार कृषि और किसानों के लिए बहुत सी स्कीमों को ला रही है, परंतु फिर भी किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। किसानों को उनके उत्पादन का बहुत कम हिस्सा प्राप्त होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन के अनुसार किसान भारत में फलों और सब्जियों में एक-तिहाई विक्रय मूल्य प्राप्त करते हैं। थोक और परचून विक्रेता दो-तिहाई हिस्सा ले जाते हैं। किसानों का हिस्सा टमाटर, प्याज और आलू पर 33, 36 और 37 प्रतिशत क्रमशः रह जाता है। बहुत बार तो किसान लागत के बराबर मूल्य न मिलने पर अपनी फसलों को सडकों पर फैंक देते हैं। यह सब कुशल आपूर्ति श्रृंखला एवं विपणन प्रणाली के न होने, फसलों की नाशवान प्रवृत्ति, भंडारण सुविधाओं की कमी तथा बहुत संख्या में बिचौलियों के होने के कारण है। इसलिए भारत में किसान बार-बार धरना-प्रदर्शन तथा आत्महत्याएं कर रहे हैं। भारत में 2014 से 2022 तक 100473 किसानों ने आत्महत्या की है। 4 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार साल 2022 में 11290 किसानों ने आत्महत्या की थी जो 2021 से 3.7 प्रतिशत ज्यादा हैं। 2021 वर्ष में 10281 आत्महत्या के केस थे। 2022 के आंकड़ों के अनुसार हर घंटे में एक किसान आत्महत्या करता है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारण हैं- सूखा, असामयिक बारिशों से खड़ी फसलों का बर्बाद होना, चारों ओर बढ़ती कीमतें एवं सरकारी नीतियां, उच्च ऋण बोझ, सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत और मानसिक मुद्दे आदि। इसलिए यह भी आवश्यक है कि इस दिन किसानों के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किसानों के आत्महत्या करने के कारणों का पता लगा कर, उन पर कार्य करना चाहिए। भारत को समृद्ध बनाना है तो किसानों और कृषि मजदूरों को समृद्ध करना होगा। इसके लिए जो स्कीमें वर्तमान में किसानों/कृषि क्षेत्र के लिए चल रही हैं, उनमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये किसानों तक पहुंचनी भी चाहिए। अगर इनमें रिसाव है तो उसे रोकना चाहिए। इसके अतिरिक्त बहुत से फैसले लेने तथा उनका दायरा बढ़ाने की आवश्यकता है जिनमें सभी फसलों, सब्जियों, फलों पर गारंटीकृत न्यूनतम सर्मथन मूल्य, ऋण माफी, भूमि सुधार, कम दरों पर उत्तम किस्म के बीज, खाद, कीटनाशक देना, सभी फसलों, सब्जियों व फलों को बीमा योजना के अंतर्गत लाया जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा, अन्य कारणों से हुए नुकसान की किसानों को भरपाई हो सके। दूध आदि का भी सर्मथन मूल्य घोषित हो। ग्रामीण इलाकों में सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जाए तथा इनकी कार्यप्रणाली पारदर्शी की जाए। दूध प्रसंस्करण तथा दूध उत्पाद प्लांट सहकारी समितियों द्वारा स्थापित किए जाएं, जलवायु परिवर्तन तथा भूजलस्तर जो गिर रहा है, इस समस्या का समाधान समय पर किसानों तथा सरकार को ढूंढना चाहिए। खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता की जांच कर उत्पादकता बढ़ाने के उपायों को सुझाया जाए। कृषि में विविधता-गुणवत्ता बढ़ाने में कृषि विभाग व विज्ञान केन्द्रों का बहुत योगदान रहा है।

उनको और मजबूत किया जाए। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने तथा फसलों में गुणवत्ता लाने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। 2047 का विजन प्राप्त करना है, तो न्यूट्रीशियस/पौष्टिक खाद्य पदार्थों को प्राप्त करने के लिए फल/सब्जियों/अनाज का प्रसंस्करण कर निर्यात को बढ़ावा देना होगा। अगर 2050 तक 10 बिलियन लोगों को खाना देना है तो केन्द्रीय व प्रादेशिक सरकारों को मिलकर उत्पादन, प्रसंस्करण, परिवहन और खरीद-फरोख्त के मॉडल को बेहतरीन करना होगा। साथ में भारत की मौजूदा भंडारण व्यवस्था, जो वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक है और जिससे वार्षिक भंडारण हानि 14 मिलियन टन खाद्यान्न है, को सुधारना होगा। किसान फसल को खरीद केंद्र में पहुंचा देता है, परंतु खरीद से पहले ही वह भीग जाती है, क्योंकि वहां पर भंडारण सुविधा नहीं होती। इसका नुकसान किसान को भुगतना पड़ता है। किसानों की आर्थिकी तथा कृषि क्षेत्र में सुधार लाने के लिए किसानों से संवाद होना चाहिए।

**(स्वतंत्र लेखक)**

# गिग अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

**-डा. जयंतीलाल भंडारी-**

हाल ही में प्रकाशित फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स के द्वारा आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें जहां भारत में तेजी से बढ़ती हुई गिग अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती हुई नौकरियों और चुनौतियों का उल्लेख किया गया है, वहीं कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढकर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा। गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट दर प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं। व्यापक तौर पर कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोडकर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब यानी ऐसे कामों में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। उच्च स्तर के कौशल और शैक्षणिक योग्यता के साथ काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। इसके साथ ही महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं। उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढऩे के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढऩे की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण यह है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढकर 2.3 करोड़ के लगभग हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई दे रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए बड़ी प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मानसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खास तौर से अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के परिप्रेक्ष्य में सक्रिय रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए दिखाई दे रही हैं। फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खास तौर से हमें गिग वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने ह्यइंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमीह्ल शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की थी, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गई, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 अधिनियमित हो चुकी है, लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। अब देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं और नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ाना होगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसी डिजाइन हो, जैसी कि सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 के तहत परिकल्पित है। दुनिया के कई देशों में गिग वर्कर्स को ह्यवर्कर्सह्ल के रूप में वर्गीकृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा। यह वर्गीकरण गिग वर्करों के लिए न्यूनतम वेतन, सवेतन अवकाश, सेवानिवृत्ति लाभ योजना और स्वास्थ्य बीमा सुरक्षित करता है। गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग-प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपनी उपज बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है। देश में गिग वर्कर्स को केवल कुछ ही फर्म ऑन-वर्क दुर्घटना बीमा प्रदान करती हैं। इसे सभी नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किया जा सकता है। कामगारों को संकटपूर्ण समय या सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने में मदद करना भी कंपनियों द्वारा गंभीरता से लिया जाना होगा।

ऐसा करने का एक तरीका यह हो सकता है कि इनके द्वारा न्यूनतम स्वैच्छिक योगदान किया जाए जो एक कॉर्पस फंड में जमा हो। सरकार के द्वारा शिक्षा, वित्तीय सलाह, विधिक कार्य, चिकित्सा या ग्राहक प्रबंधन क्षेत्रों जैसे उच्च-कौशल गिग वर्कर्स के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी, जिससे भारतीय गिग वर्कर्स के लिए वैश्विक बाजारों तक पहुंच को सुगम बनाया जा सके। इसके साथ ही, सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने की जिम्मेदारी साझा करने हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी तंत्र स्थापित करने के लिए सरकारों, गिग प्लेटफॉर्म और श्रम संगठनों के बीच सहयोग की भी आवश्यकता होगी। निश्चित रूप से देश में गिग वर्कर्स को यदि सामाजिक सुरक्षा की छतरी प्रदान की जाएगी, तो गिग वर्कर्स के रूप में काम कर रही देश की नई पीढ़ी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ सकेगी और देश गिग वर्कर्स के अधिकतम योगदान से तेज विकास की डगर पर आगे बढ़ेगा। हम उम्मीद करें कि गिग अर्थव्यवस्था भारत के भविष्य के कार्यबल और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी व ऐसे रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, जिससे आय असमानताओं को कम करने और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)**

# संसद के कलुषित परिवेश का जिम्मेवार कौन?

**-प्रियंका सौरभ-**

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है।

अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है।

सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति



में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्ल भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं। जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लाखों गरीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी किस्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ खुद-ब-खुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है।

## लूट में वांछित 5000/- के ईनामी बदमाश को हरिद्वार पुलिस ने धर दबोचा

- आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर झबरेडा, गंगनहर व देवबंद थाना क्षेत्र में लूट की घटनाओं को दिया था अंजाम
- लूटी गई नकदी से खरीदी गई स्पलेण्डर मोटर साइकिल की गई बरामद




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वादी श्री हिमांशू पुत्र नरेश कुमार निवासी-ग्राम मोलना थाना झबरेडा जिला हरिद्वार द्वारा दिनांक-03.07.2024 को थाना झबरेडा में अज्ञात आरोपियों द्वारा मोलना रोड पर मार पिटाई कर 85000/- की नकदी व दस्तावेज लूटने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त घटना में अंकुल उर्फ डोली पुत्र पवन निवासी शिवपुर थाना देवबंद सहारनपुर , जुल्फिकार उर्फ बिल्ला पुत्र दीन मोहम्मद निवासी पठनपुरा थाना मंगलौर हरिद्वार व विशाल पुत्र वीर सिंह ग्राम सुनेटी झबरेडा हरिद्वार व रितेश पुत्र नेमचंद निवासी-ग्राम बेहेडकी सैदाबाद थाना झबरेड़ा का नाम प्रकाश में आया था।

उपरोक्त आरोपी द्वारा कोतवाली गंगनहर व थाना देवबंद क्षेत्र में भी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।

पुलिस द्वारा आरोपी उपरोक्त को पकड़ा गया था। मुकदमा उपरोक्त में आरोपी रितेश फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रग्ढ हरिद्वार द्वारा 5000/-का ईनाम घोषित किया गया था।

पुलिस टीम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप ईनामी/वांछित अभियुक्त रितेश को दिनांक 22.12.24 को इकबालपुर क्षेत्र से पकड़ा गया है व दौराने पूछताछ आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वादी मुकदमा से लूटी गई नकदी से स्पलेण्डर मोटर साइकिल खरीदना बताया गया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई नकदी में से खरीदी गई मोटर साइकिल बरामद की गई है।

## राजस्व विभाग की टीम ने रात्रि मे अवैध खनन के खिलाफ सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी कार्रवाई की

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर मे अवैध खनन होने की सूचना पर लक्सर राजस्व विभाग की टीम ने रात्रि मे अवैध खनन के खिलाफ सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने दो स्टोन क्रशरों में अवैध खनन सामग्री पाई जाने पर उन्हें सीज कर दिया है।

सुल्तानपुर क्षेत्र की बाणगंगा और नीलधारा गंगा में खनन माफिया रात्रि के समय जेसीबी और पोकलैंड मशीन से ट्रैक्टर ट्रालियों के द्वारा जमकर अवैध खनन कर रहे हैं। पुलिस और राजस्व टीम के द्वारा लगातार अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी कार्रवाई की जा रही है उसके बावजूद भी खनन माफिया दिन हों रात में भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में लगातार अवैध खनन होता देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। जिस पर लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वल ने अवैध खनन की सूचना पर रात्रि मे राजस्व विभाग व खान अधिकारी और पुलिस के संयुक्त टीम के साथ मिलकर सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने क्षेत्र में लगे स्टोन क्रशरों की भी जांच की। छापेमारी कार्रवाई के दौरान दो स्टोन क्रेशर में अवैध खनन सामग्री पाई गई । इस दौरान टीम ने सुल्तानपुर क्षेत्र में लगे दो स्टोन क्रशर को



सीज कर दिया है।

एसडीएम लक्सर सौरभ असवाल ने बताया कि सुल्तानपुर क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर राजस्व, खनन और पुलिस के संयुक्त टीम के द्वारा रात्रि मे छापेमारी कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध खनन सामग्री पाए जाने पर सिंह स्टोन क्रेशर व हाईवे कंट्रक्शन स्टोन क्रशरों को सीज कर दिया गया है। अब आगे देखना होगा की तहसील प्रशासन किस कार्रवाई से खंड माफिया के हौसले प्रश्न होते हैं या नहीं यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर विकासखंड में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिवर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगो को जानकारियां दी साथ ही शिविर में लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबियां भी सौपी गई वहीं महिला सशक्तिकरण योजना के तहत कई महिलाओं को महालक्ष्मी किट भी वितरित की गई एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया इस बहुउद्देशीय शिविर का यही उद्देश्य है कि शिविर में जो क्षेत्र की जनता आती है उनकी समस्याओं का समाधान हो और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां लोगों को मिले और जनता को सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिले।

## लक्सर मे भीम आर्मी कार्यकताओं ने ग्रह मंत्री अमित शाह का किया पुतला दहन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

सविधान निमार्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर पर ग्रह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में गुस्साए भीम आर्मी के कार्यकताओं ने लक्सर के बालावाली तिराहे पर ग्रह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और अमित शाह मुदार्बाद के नारे लगाये साथ ही भीम आर्मी के कार्यकताओं ने तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौपा इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कहा कि ग्रह मंत्री के पद पर विराजमान अमित शाह जिन पर सम्मपूर्ण भारत का दायित्व है उन्होंने जिस तरह से संविधान निमार्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर पर कटास करते हुए टिप्पणी की है और उन्हें लज्जित करने का काम किया है वह उसी तरह से सदन में माफी मांगे या फिर सार्वजनिक मन से माफी कर अपनी गलती का एहसास करें हमारी यही मांग है। कार्यक्रम में दीपक सेठपुर इसराइल अंसारी कपिल शुभम राहुल ओपिन रवि धारीवाल विनोद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

**रुड़की / मंगलौर ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने सभी से मिलजुल कर चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने की बात कही। सोमवार को राजा महेंद्र प्रताप इंटर कॉलेज में स्थापित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि देने क बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ऐसी शख्सियत थी जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे हमेशा किसानों के हितेषी रहे। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसी एक विशेष वर्ग के नेता नहीं थे, उनकी नीतियों के कारण ही देश ने तरक्की की राह पकड़ी। किसान और मजदूर उनके योगदान को कभी भूल नहीं पाएंगे। यह भी कहा कि वह मंगलौर की जनता के साथ हमेशा जुड़े रहेंगे। जन समस्या को लेकर वह हमेशा गंभीर रहते हैं और उनकी समस्याओं को हल करने का काम करेंगे।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रतिभा चौहान, राजीव राठौर, आनंद स्वरूप वर्मा, यशवीर सिंह, ऋषि पाल सिंह, अरविंद राठी, टोनी वर्मा, पवन सिंह, परितोष धारीवाल, गौरव भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, अशोक कुमार, जमीर हसन, राजीव राणा आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार ने किया।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार द्वारा मंगल दलों के सदस्यों को रोजगारपरक ह्यह्यव्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाह्लह्ल के अन्तर्गत के सभागार-खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, भगवानपुर में फल संरक्षण/प्रसंस्करण के 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 15 महिला/पुरूष प्रशिक्षणार्थियों को फल प्रसंस्करण एवं संरक्षण की तकनीक तथा बारीकियों से अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री करूणा कर्णवाल ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहीं। उनके साथ सम्मानित जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी श्री आलोक गार्ग्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण एंव प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी श्री मुकेश कुमार भट्ट, कार्यालय लेखाकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर खण्ड विकास अधिकारी, श्री तुलाराम, श्री सुमित खेल प्रशिक्षक, हल्का सरदार श्री केशव कटारिया, पी0आर0डी0 स्वयंसेवक श्री रामजी तिवारी, श्री रॉकी चैहान तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुशासन सप्ताह का आयोजन कलैक्टेज्ट सभागार रोशनाबाद में किया गया

**हरिद्वार ,** अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी की नेतृत्व में सुशासन सप्ताह 19 से 24.12.2024 के अन्तर्गत आज दिनांक 23.12.2024 को जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलैक्टेज्ट सभागार रोशनाबाद में किया गया। उक्त कार्यशाला में District@100 सर्वोत्तम आचरण के अन्तर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक कार्य, पब्लिक सर्विस डिलवरी, सार्वजनिक समस्याओं का निस्तारण, विभागों द्वारा किये गये सर्वोत्तम आचरण तथा विजन 2047 इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनि ध्यानी के द्वारा अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) दीपेन्द्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक/प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी एवं समस्त उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों का कार्यशाला में स्वागत किया गया एवं District@100 कार्यशाला की महत्ता तथा कार्यशाला में चर्चा के बिन्दुओं पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया तथा सभी विभागों से अपने विभाग से सम्बन्धित विजन 2047 पर अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया। इसी क्रम में परियोजना निदेशक के0एन0 तिवारी के द्वारा विजन 2047 के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला गया। 19 से 24 दिसम्बर, 2024 के मध्य आयोजित सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों में गम्भीरता से कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। उनके द्वारा बताया गया कि प्रत्येक कर्मचारी/अधिकारी समय से अपना कार्य करें तथा आम जनता की समस्याओं का समय से निस्तारण कर आम जनता का विश्वास प्राप्त करने का प्रयास करें एवं सुशासन के कार्य में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें। कार्यशाला में आमंत्रित पिरामिल फांउडेशन प्रथम, रजत शहरी एन0जी0ओ0, प्रथम फाउडेशन (शिक्षा) के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण के विषय में किये जा रहे कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। पिरामिल फांउडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं



पोषण विषय पर त्रिस्तरीय अभिसरण (जिला-विकासखण्ड-पंचायत) की परिकल्पना के आधार पर कार्य करने हेतु बल दिया गया। प्रथम फांउडेशन के द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अन्तर्गत 03 से 14 वर्ष के बच्चो की शिक्षा को बेहतर करने हेतु किये गये कार्यो के बारे में बताया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी के0के0 गुप्ता के द्वारा शैक्षिक तकनीकि के अन्तर्गत स्मार्ट क्लास के विषय में बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि पहले कई स्कूलो में उपकरण नही थे। सम्रग शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 785 स्कूलों में स्मार्ट टी0वी0 लगाये गये। जिससे बच्चों की उपस्थिति कक्षा में पहले की तुलना में बेहतर हुई। परिवहन विभाग से सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि पंजीकरण, बसो की सूचना व लाईसेंस बनाने का कार्य ऑनलाईन किया जा सकता है। वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत वाहनो को ई-वाहन में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विष्णु दत्त बेंजवाल, अधिशासी अभियन्ता पेयजल निगम राजेश गुप्ता, एवं सहायक अभियन्ता, जिला पंचायत महेश कुमार एडीएसटीओ नवीन चौहान आदि जनपद स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## विकास खण्ड कार्यालय में बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

प्रशासन गांव की ओर अभियान के अन्र्तगत विकास खण्ड कार्यालय में बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। श्री सौरभ असवाल उपजिलाधिकारी लक्सर एंव श्री प्रताप चौहान तहसीलदार लक्सर तथा श्री पंवन सिंह सैनी खण्ड विकास अधिकारी लक्सर व श्री अंशुल राठी सहा० समाज कल्याण अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बहुउददेशीय शिविर मे कृषि विभाग, एन०आर०एल०एम०, बाल विकास विभाग, उद्यान विभाग, स्वजल विभाग, लघु सिचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गन्ना विभाग, खाद्वय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पशु पालन विभाग, उरेडा विभाग, जिला उद्योग विभाग, राजस्व विभाग दुध उत्पादन सहकारी समिति विभाग आदि विभागो द्वारा प्रतिभाग करते हुये अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओ की जानकारी प्रदान की गई जिसमे लगभग 150 ग्रामवासियो द्वारा भाग लिया गया शिविर में 28 शिकायत प्राप्त हुई जिसका संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी ने सभी विभागो के अधिकारियो को समस्याओ का निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी द्वारा शिविर मे लगे स्टॉलो का निरीक्षण किया गया व एन०आर०एल०एम० समूह की महिलाओ द्वारा बनाये गये उत्पादो की जानकारी ली गई।

## भाजपा राज में बह रही विकास की गंगा: आदेश चौहान

### वार्ड नंबर 58 राज विहार फेस- 3 में सीवर लाइन व विकास कार्यों का शुभारंभ

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम क्षेत्र के जगजीतपुर स्थित वार्ड नंबर 58 राज विहार फेस 3 कॉलोनी में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने सीवर लाइन व विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने विधायक आदेश चौहान और दावेदारी कर रहे संदीप प्रधान का फूल माला पहनकर आभार व्यक्त किया। विधायक आदेश चौहान ने शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा राज में विकास की गंगा बह रही है। तीन क्षेत्रों में आज तक सड़के नहीं थी वहां सड़कों का जाल बिछा हुआ है। सीवर लाइन, पेयजल लाइन बिछ गई है। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों को गति से कर रही है। जिसका लाभ आम जनता पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के



नेतृत्व में वह अपनी विधानसभा में तमाम वे विकास कार्य कर रहे हैं जिनका सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसके राज में तमाम विकास कार्य देश प्रदेश और शहर में किया जा रहे हैं। आगामी नगर निगम के चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी। वार्ड नंबर 58 से दावेदारी कर रहे भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संदीप प्रधान ने कहा कि वह वार्ड 58 से पार्षद का चुनाव के लिए मैदान में उतरेंगे।

अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया और वार्ड की जनता ने अपना आशीर्वाद दिया तो भारी मतों से जीत दर्ज कर वार्ड के विकास और गति दी जाएगी। वार्ड के विकास के लिए पुरजोर तरीके से काम करेंगे। अभी विधायक आदेश चौहान ने कई काम शुरू करवाएं हैं, जल्द ही और भी कार्य होंगे। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मनोज प्रालिया, लक्की वालिया, विपिन शर्मा, चंदन, रविंद्र राणा, दलित तनेजा, राजीव कुमार, सुबे सिंह, कमल प्रधान, राजकुमार, प्रदीप सैनी, सुनील सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## लक्सर में अवैध खनन का काला खेल जोरों पर प्रशासन सुस्त



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर में अवैध खनन का काला खेल जोरों पर है बावजूद इसके लक्सर प्रशासन अवैध खनन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है बता दे लक्सर के महतोली और रामपुर रायघटी में बेखौफ अवैध खनन करने वाले माफिया रात जेसीबी मशीन में पोकलेन मशीनों द्वारा दिन हो या रात धडेले से अवैध खनन कर खनन सामग्री स्टोन क्रशरों में पहुंचाई जा रही है और हर रोज बेलगाम खनन माफिया राजस्व विभाग को आए दिन लाखों रुपए का चुना लगा रहे बावजूद इसके लक्सर प्रशासन अवैध खनन पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है आगे देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद लक्सर तहसील प्रशासन क्षेत्र है अवैध खनन पर क्या कार्रवाई अमल में लाता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## 54 पव्वे देशी शराब शराब सहित एक आरोपी को धर दबोचा

### हरिद्वार पुलिस के द्वारा नशा माफियों के विरुद्ध कार्यवाही




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एसएसपी हरिद्वार महोदय द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर को निर्देशित किया गया। जिस क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न टीमों को इस कार्य में लगाया गया तथा अलग-अलग क्षेत्र में नशा माफिया के विरुद्ध टास्क दिया गया जिसके फलस्वरुप दिनाक 22-12-24 को 01 आरोपी को अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 54 पव्वे देशी शराब बरामद की गई है , जिसके विरुध आबकारी अधि0 मे अभियोग पंजीकृत किया।

## हरिद्वार पुलिस को मिली सफलता, हत्या के वांछित को धर दबोचा

### प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में चल रहा था फरार



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

कुडकावाला डोईवाला देहरादून निवासी खुद के बेटे रामशंकर (प्रॉपर्टी डीलर) की गुमशुदगी थाना खानपुर में दर्ज कराई गई थी। जिसपर कार्यवाही करते हुए थाना खानपुर पुलिस द्वारा गुमशुदगी से पर्दा उठाते हुए गुमशुदा रामशंकर के शव को बरामद करते हुए 02 हत्यारोपियों को दिनांक 13/12/24 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

घटना में शामिल तीसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु किए जा रहे प्रयास के क्रम में खानपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 23/12/24 को वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र अमरपाल को कोर्ट तिराहा रोशनाबाद से दबोचा गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

अंकित पुत्र अमरपाल निवासी ग्राम चन्द्रपुरी खादर थाना खानपुर जनपद हरिद्वार-21 वर्ष

**पुलिस टीम-**

1- निरीक्षक रविन्द्र शाह झ थानाध्यक्ष खानपुर
2- उ0नि0 समीप पाण्डेय (चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर)
3-उ0नि0 भजराम चौहान
4- उ0नि0 बबलू चौहान
5- कानि0 135 अरविन्द रावत
6- हे0कानि0 चमन सीआईयू रुड़की
7- कानि0 महिपाल सीआईयू रुड़की

## खसुसी दुआओं के साथ तीन दिनों तक चले इज्तमे का हुआ समापन,इस्लाम की शिक्षाएं देती है हुस्ने सुलुक का हुक्म,मुफ्ती महमूद साहब

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद



रुड़की।तीन दिवसीय तबलीगी इज्तमे का समापन विशेष दुआओं के साथ हो गया।अमन-शांति,देश की खुशहाली और कौम की तरक्की की दुआओं के साथ गढ़ी संघीपुर में हुए इस तब्लीगी इज्तमे में गोंडा बस्ती से पधारे आलिमेदीन मुफ्ती महमूद साहब ने विशेष दुआ कराई।दुआ से पहले उन्होंने बयान करते हुए इस्लाम की शिक्षाओं तथा तबलीगी जमात के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने तब्लीगी जमात को जगत सुधार की संज्ञा देते हुए कहा कि यह एक कार्य है,जिसके जरिए इंसान को अल्लाह के रास्ते में निकलने,परेशान लोगों की खिदमत करने और बुराइयों को छोड़ने का मौका मिलता है।मुफ्ती महमूद साहब ने कहा कि दीन के रास्ते पर चलकर ही हम दुनिया और आखिरत का भला कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि अल्लाह और नबी के बताए रास्ते से हटकर कभी कामयाबी नहीं मिल सकती।इस्लाम की शिक्षा हमें इंसान ही नहीं,बल्कि जानवरों के साथ भी हुस्ने सलूक (सद्व्यवहार) करने का हुक्म देती है।उन्होंने कहा कि दीन को छोड़ने की वजह से हमारी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है।आज इंसान का नजरिया बदल गया है।समाज में बुराइयां बढ़ गई है और इंसानों के अंदर लोभ,लालच और नशे जैसी बड़ी बुराइयां पनप रही हैं।देश-दुनिया में इज्तमे के जरिए इंसानियत और प्रेम का संदेश दिया जाता है,यह एक ऐसा चिराग है जो कभी नहीं बुझ सकता।पैगंबर हजरत मोहम्मद का दीन दुनिया में लाने का मकसद यही था कि इंसान को नरक वाली जिंदगी से बचाकर जन्नत की तरफ ले जाया जाए।बड़ी संख्या में इज्तमे में पहुंचे लोगों ने सवाब हासिल कर दीन और दुनिया की भलाई के लिए अपना अजम दोहराया।दुआ के बाद इज्तमे के समापन पर होने पर चार महीने और चालीस दिनों की काफी तादाद में तब्लीगी जमातें निकली,साथ ही दर्जनों निकाह भी हुए।आसपास के ग्रामीण वासियों द्वारा इज्तमे में शिरकत करने आए लोगों की खिदमत के लिए जगह-जगह भोजन,फल एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

## अस्थायी अतिकमण को पुलिस बल की सहायता से हटाया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



**हरिद्वार**उत्तराखण्ड राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु अन्तर्विभागीय तैयारियों के चलते जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह के निदेशों के क्रम में नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर द्वारा आज दिनांक- 23/12/2024 को श्री अजयवीर सिंह, उपजिलाधिकारी महोदय, हरिद्वार एवं श्री सुभाष कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के नेतृत्व में आई०एम०सी० चौक से नवोदयनगर चौक होते हुये वन्दना कटारियां स्टेडियम तक मुख्य सड़क के दोनो ओर अस्थायी अतिकमण को पुलिस बल की सहायता से हटाया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के अधिकारी / कर्मचारी श्री शाहरूख, श्री रजत मित्तल, श्री इस्तकार अली एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## उत्तराखण्ड राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन



**हरिद्वार,** उत्तराखण्ड राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु अन्तर्विभागीय तैयारियों के चलते जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह के निदेशों के क्रम में नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर द्वारा आज दिनांक- 23/12/2024 को श्री अजयवीर सिंह, उपजिलाधिकारी महोदय, हरिद्वार एवं श्री सुभाष कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के नेतृत्व में आई०एम०सी० चौक से नवोदयनगर चौक होते हुये वन्दना कटारियां स्टेडियम तक मुख्य सड़क के दोनो ओर अस्थायी अतिकमण को पुलिस बल की सहायता से हटाया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के अधिकारी / कर्मचारी श्री शाहरूख, श्री रजत मित्तल, श्री इस्तकार अली एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## वेतन वृद्धि को लेकर कंपनी पर वर्करों का धरना प्रदर्शन

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद



खबर लक्सर के मंगलौर से हैं जहां वेतन वृद्धि को लेकर मंगलौर की एक कंपनी के वर्करों ने कंपनी के मुख्य द्वार पर कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया, आपको बता दे कि सुबह ही जब वर्कर कंपनी पहुंचे तो सभी ने कंपनी के मुख्य द्वार पर वेतन वृद्धि को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया । कंपनी वर्करों ने बताया कि कई कई साल से कंपनी में काम करते हो गए लेकिन कंपनी प्रबंधन बेहद कम वेतन दे रहा है, जिस कारण इस महंगाई के दौर में गुजारा करना बेहद मुश्किल हो चुका है । जब तक कंपनी प्रबंधन वेतन बढ़ोतरी नहीं करता तब तक कार्य बहिष्कार रहेगा।

## महिलाऐं डर कर नही डटकर करें मुकाबला मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

ग्राम पंचायत हलवाना में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में एंटी रोमियो महिला पुलिस टीम ने आज ग्राम पंचायत हलवाना में जन चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया ओर बताया गया कि यदि कोई मनचला या कोई अन्य परेशान कर रहा है तो वे डर और झिझक दूर कर टोल फ्री नंबरों पर काल कर बताएं पुलिस समस्या का निदान कराएगी सुरक्षा करने के उपाय भी बताए

गांव हलवाना में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो टीम महिला सब इंस्पेक्टर माधुरी शर्मा व महिला कांस्टेबल शशिबाला के द्वारा ग्राम हलवाना में चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने के अलावा गुड व बेड टच आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध 108 एंबुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की बारीकी से परीचित कराया महिला सब इंस्पेक्टर माधुरी शर्मा महिला शशिबाला द्वारा जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याएं पूछी गई एवं पम्पलेट वितरित किए गए।

## दलाल मरीजों की जिंदगी के साथ कर रहे खिलवाड़




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

सिविल अस्पताल रुड़की इन दोनों दलालों का बोलबाला चल रहा है।।आपको बता दें कि सिविल अस्पताल परिसर में दलाल मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।।अपने कमीशन के चक्कर में मरीजों को फर्जी अस्पतालों में एंबुलेंस संचालकों के माध्यम से भेज रहे है जिसमें उपचार के दौरान मरीजों की मौत हो जाती है।। पिछले एक महीने में दलालों और झोलाछाप डाक्टरों की लापरवाही से तीन लोगों की जान जा चुकी है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है।सिविल अस्पताल के सीएमएस का कहना है कि इस बारे कई उच्च अधिकारियों को अवगत भी करवाया है और कार्यवाही भी की लेकिन एंबुलेंस संचालक और दलाल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है इसलिए एक फिर अभियान चलाया जाएगा ताकि मरीजों की जिंदगी बच सके।।

# नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को हरिद्वार पुलिस ने धर दबोचा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वादी निवासी झबरेडा थाना झबरेड़ा द्वारा दिनांक-17.12.2024 को थाना झबरेड़ा पर तहरीर देकर अंकित कराया था कि वादी की नाबालिक भतीजी को साकिब पुत्र खुर्शीद ग्राम पाडली गेंदा थाना झबरेड़ा जिला हरिद्वार बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

वादी मुकदमा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना झबरेडा में तत्काल अभियोग कायम व पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए ररढ हरिद्वार द्वारा अपहृता की शीघ्र बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।




उपरोक्त क्रम में गठित की गई पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों के फलस्वरूप आज दिनांक 23.12.2024 को अपहृता/पीडिता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया है व आरोपी को पकड़ा गया है। व अपहृता को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

**नाम पता आरोपी**

साकिब पुत्र खुर्शीद निवासी पाडली गेंदा थाना झबरेड़ा जिला हरिद्वार।

**पुलिस टीम**

01.उप निरी० नितिन बिष्ट चौकी प्रभारी इकबालपुर
02.हे0कां0 वीरेंद्र शर्मा

## लक्सर ब्लॉक में सरकार जनता के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया



मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

**लक्सर,** उत्तराखंड, लक्सर ब्लॉक में सरकार जनता के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एस-डीएम लक्सर ने लोगों की जन समस्याएं सुनी है। सर्दी का मौसम होने के बावजूद लोग काफी संख्या में शिविर में पहुंचे और अपनी समस्याओं को दर्ज कराया, जिसमे कुछ लोगों ने राशन कार्ड की समस्या कुछ पेंशन की समस्या कुछ लोगों ने अन्य आदि समस्या शिविर में दर्ज कराई, वही लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने कहा कि आज शिविर में लोगों की 15 जन समस्याएं दर्ज की गई है। और भी लोग आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। हर विभाग के द्वारा अपने विभाग की जो भी सरकार के द्वारा आमजन के लिए योजना चलाई जा रही है, उनकी जानकारी दी गई है, उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी जन समस्या को लेकर चक्कर काटते हैं, उन सबकी समस्याओं को सुलझाने के लिए सरकार के द्वारा इस तरह के शिविर का आयोजन करने का आदेश दिया गया है, जो भी शिकायत आई है, उन सभी को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया है, और आदेशित किया गया है कि, बारीकी से उन समस्याओं की जांच कर निस्तारण किया जाए, उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी संबंधित अधिकारी को लापरवाही नहीं करनी चाहिए, अन्यथा लापरवाही करने वाले संबंधित के खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही भी की जाएगी।

## एम्बेलिश मिसेज इंडिया की हेल्दी स्किन कॉन्टेस्ट में महिलाओं ने बताई अपनी ग्लोइंग स्किन के राज



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून एम्बेलिश मिसेज इंडिया सीजन-3 के मिसेज हेल्दी स्किन कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। इस मौके पर जजेज ने प्रतिभागियों से उनकी स्किन केयर को लेकर सवाल किए।

राजपुर रोड स्थित वीएलसीसी में आयोजित एम्बेलिश मिसेज इंडिया सीजन-3 के हेल्दी स्किन कॉन्टेस्ट में देशभर के विभिन्न राज्यों से आई करीब 22 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जज पैनल ने सभी प्रतिभागियों से उनकी त्वचा से सम्बन्धित सवाल किए। जिसपर ज्यादातर महिलाओं ने घरेलू नुसकुओं से ही अपनी त्वचा का ख्याल रखना बताया। महिलाओं ने जज द्वारा पूछने पर घरेलू स्किन केयर में इस्तेमाल इंग्रीडिएंट भी साझा किए।इस दौरान आयोजक ख्याति शर्मा ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। सिल्वर कैटेगरी में 18 से 35 आयु वर्ग, गोल्ड कैटेगरी में 35 से 50 आयु वर्ग और प्लेटिनम कैटेगरी में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं हिस्सा ले रही है। ख्याति शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को उनके सपनों को साकार करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

## गंगोत्री-यमुनोत्री में हिमपात, घाटी क्षेत्रों में बारिश से तापमान में गिरावट


मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, 23 दिसंबर 2024 गंगोत्री-यमुनोत्री तथा गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा और यमुना जी के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली में सहित जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज दोपहर बाद से हिमपात हो रहा है। जबकि जिले के घाटी वाले क्षेत्रों में भी बारिश का सिलसिला जारी है। जिससे तापमान में काफी गिरावट आ गई है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बर्फबारी एवं बारिश को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और बंद होने वाली सड़कों को तत्काल खोले जाने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मशीन और अन्य संसाधनों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बारिश एवं बर्फबारी को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हिमपात के दौरान बंद होने वाली सड़कों को तुरंत खोलने और पाला प्रभावित क्षेत्र में सड़कों पर नमक व चूना डालकर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

# मरीजों को उन्नत ईलाज देने की दिशा में बढ़े कदम, दून मेडिकल कॉलेज में स्थापित हुआ ईसीएमओ

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून** राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर ईलाज को आसान व उन्नत बनाने की दिशा में राजधानी स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज ने क्रिटिकल केयर सेवाओं को उन्नत बनाते हुए एनेस्थीसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग में आज अत्याधुनिक ईसीएमओ (एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजिनेशन) मशीन स्थापित की गई। यह मशीन बनाने वाली मैक्वेट कंपनी के प्रतिनिधि ने आज सोमवार को मशीन के स्थापना के साथ ही चिकित्सको के लिए इसका प्रदर्शन भी किया। यह ईसीएमओ गंभीर रूप से बीमार मरीजों को हृदय और स्वास संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है,जिससे दून अस्पताल में हृदय व स्वास सम्बंधी शिकायतो के मरीजों का प्रभावी ईलाज अब संभव है।इस मौके पर एनेस्थीसियोलॉजी के चिकित्सकों ने बताया कि ईसीएमओ मशीन मरीज के खून को शरीर के बाहर ऑक्सीजन देकर वापस भेजती है, जिससे फेफड़े और हृदय को आराम और ठीक होने का समय मिलता है। यह तकनीक गंभीर श्वसन तंगी, हृदय विफलता और पोस्ट-ऑपरेटिव जटिलताओं के इलाज में बेहद प्रभावी है। मैक्वेट ईसीएमओ मशीन में उन्नत ऑक्सीजनटर, इंटीग्रेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम और सुरक्षा अलार्म जैसी अत्याधुनिक विशेषताएं हैं, जो सटीकता और मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। प्रदर्शन के



दौरान, यह दिखाया गया कि इस मशीन का उपयोग एआरडीएस (एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम), हृदयगति रुकने और जटिल सर्जरी जैसी आपात स्थितियों में कैसे किया जा सकता है।आईसीयू इंचार्ज डॉ. अतुल कुमार सिंह ने ईसीएमओ मशीन के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे मरीजों की देखभाल में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। वहीं फैकल्टी सदस्य डॉ. शोभा और डॉ. सत्यांश ने इस तकनीक को कुशलतापूर्वक संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान दून मेडिकल कॉलेज में स्थापित इस नई ईसीएमओ मशीन के स्थापित होने पर पोस्टग्रेजुएट छात्रों और तकनीशियनों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया व इसे अपने अनुभाग में विशेषज्ञता को बढ़ाने का एक शानदार अवसर माना। हालांकि फैकल्टी द्वारा मशीन को हैंडल करने के लिए परफ्यूजनिस्ट( ओपेराशनल व एक्स्ट्रा-कॉर्पोरियल सकुर्लेशन को प्रबंधित करने में कुशल) के पदों को सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि मशीन को 24/7 उपलब्ध कराया जा सके और इसे आईसीयू वर्कफ्लो में प्रभावी रूप से शामिल किया जा सके।अस्पताल प्रशासन ने फैकल्टी, छात्रों और तकनीशियनों की दक्षता बढ़ाने के लिए नियमित कार्यशालाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करने की योजना बनाई है।

दून मेडिकल कॉलेज में ईसीएमओ मशीन के स्थापित होने के साथ ही राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की सूची में शामिल हो जाएगा व दून अस्पताल उत्तराखंड में एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में भी स्थापित हो जाएगा। इस अवसर पर एनेस्थीसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख फैकल्टी सदस्य, जैसे कि आ-ईसीयू इंचार्ज डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. शोभा, डॉ. सत्यांश, डॉ. निधि, डॉ. इकरा, और डॉ. साक्षी, उपस्थित थे। इसके अलावा, पोस्टग्रेजुएट छात्र, आईसीयू और ओटी तकनीशियन, और एनपीसीसी स्टाफ भी मौजूद थे।

# अपर सचिव सी. रविशंकर ने गंगोत्री मार्ग पर शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** अपर सचिव श्री सी. रविशंकर ने आज गंगोत्री मार्ग पर शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को जरूरी हिदायतें दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकता है। गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुजनों को हर्षिल क्षेत्र के मनोरम नैसर्गिक सौंदर्य के साथ ही बर्फबारी और तप्तकुंड के गर्मपानी के अनूठे अहसास से रूबरू होने का सुअवसर भी मिलता है, जो शीतकालीन यात्रा का विशेष आकर्षण है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सहूलियतों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

शासन स्तर से जिले के विकासखंड भटवाड़ी एवं डुंडा के निरीक्षण एवं समन्वय के लिए नोडल अधिकारी रूप में नामित अपर सचिव श्री सी. रविशंकर जिले के दो दिन के



भ्रमण पर आज उत्तरकाशी पहुँचे। अपने भ्रमण की शुरूआत में श्री रविशंकर ने बर्फबारी के बीच गंगोत्री मार्ग पर सुक्खी टॉप क्षेत्र तक का भ्रमण कर शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भटवाड़ी एवं गंगनानी तप्तकुंड सहित सुक्खी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों से भी भेंट कर उनसे शीतकालीन यात्रा के बारे में वार्ता की। इस दौरान अपर सचिव श्री रविशंकर ने कहा कि हर्षिल क्षेत्र में काफी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। माँ गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। उन्होंने कहा शीतकालीन यात्रा पर आने वाले यात्री इन दिनों बर्फबारी का आनंद उठा सकते हैं। रास्ते में गंगनानी स्थित तप्तकुंड के गर्मपानी में स्नान पर्यटकों के लिए एक अनूठा आकर्षण है, जहां पर पहाड़ी से निकलते कर पर्यटकों को अनूठा अनुभव हासिल होगा। सरकार की तरफ से अधिकाधिक लोगों से इस क्षेत्र की यात्रा पर आने की अपील करते हुए श्री रविशंकर ने शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए यात्रियों से अपने फीडबैक साझा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यात्रा को सुगम, सुरक्षित व सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करना सरकार की प्रतिबद्धता और प्राथमिकता है। इस दौरान भटवाड़ी में निवर्तमान प्रमुख विनीता रावत के नेतृत्व में भेंट करने वाले ग्रामीणों से हुई वार्ता में उन्होंने गंगोत्री मार्ग के चौड़ीकरण करने और इसे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति सुधारे जाने के लिए तत्परता से प्रयास करने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी, खंड विकास अधिकारी भटवाड़ी अमित मंमगाईं, तहसीलदार भटवाड़ी सुरेश सेमवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# नगर निकाय चुनाव का बजा बिगुल

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून** पिछले लंबे समय से निकाय चुनाव की तिथि घोषित किये जाने के कयास लगाये जा रहे थे लेकिन तिथि घोषित न होने पर कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों ने सरकार और भाजपा को जमकर कोसा और वहीं हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार को निकाय चुनाव कराने के लिए आदेशित किया और अब काफी समय बाद प्रदेश में निकाय चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है और प्रदेश में अब निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है तथा इसके साथ ही राज्य में आचार संहिता लागू हो गई है और प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए 23 जनवरी को मतदान होगा और वहीं 25 जनवरी को मतगणना होगी।

यहां शासन के अपर सचिव गौरव कुमार ने बताया कि भारत का संविधानश के अनुच्छेद 243-य क एवं उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2००2) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2००7 की धारा 1० क (1) एवं धारा 13 (क) में प्रदत्त शक्तियों के अधीन राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श से उत्तराखण्ड राज्य की 43 नगर पालिका परिषदों एवं 46 नगर पंचायतों के सामान्य निर्वाचन 2०24 के लिए राज्यपाल ने निकाय चुनाव समय सारणी निर्धारित करनें की सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है।

उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने की तिथि 27 दिसम्बर, 2०24 से 3० दिसम्बर, 2०24 तक होगी और नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि 31 दिसम्बर, 2०24 एवं एक जनवरी, 2०25 होगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की तिथि दो जनवरी, 2०25 और निर्वाचन प्रतीक आवंटन की तिथि तीन जनवरी, 2०25 निर्धारित की गई है।

## छात्र जीवन मे नैतिक,चरित्र शिक्षा सहित संस्कार भी रहे जीवित: गणेश जोशी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून सोमवार को ओएनजीसी सामुदायिक भवन में आयोजित स्वामी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल के 38वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई व छात्र जीवन में शिक्षा के साथ ही संस्कार, नैतिक व चरित्र शिक्षा देने को अध्यापकों से आवाहन किया। उन्होंने विवेकानंद स्कूल के छात्रों को स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष की ही तरह उनके आदर्शों को अपने जीवन मे उतारने को प्रेरित किया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित किये,जिसके उपरान्त स्कूली छात्रों ने अलग अलग मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मुख्य अतिथि व दर्शकों की सराहना पाई।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर स्कूल प्रशासन, अभिभावको व बच्चो को बधाई देते हुए कहा कि इस विद्यालय में 300 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह विद्यालय समाज के अंतिम छोर पर खड़े




व्यक्ति तक शिक्षा प्रदान करता है और इस सेवा में आज तक विद्यालय निरन्तर है। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय या संस्थान का वार्षिकोत्सव उसका आईना होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के नाम के अनुरूप ही स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर चलना होगा। उन्होंने इस दौरान जोर दिया कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि भारत तभी आगे बढ़ सकता है जब आखिरी पायदान पर खड़ा व्यक्ति शिक्षित होगा,इसलिए शिक्षा हर किसी को मिले यह हमारा प्रयास होना चाहिए।उन्होंने इस दौरान स्कूल की शिक्षा के इतर स्कूल द्वारा बच्चो को खेल-कूद, ड्राइंग प्रतियोगिता, सस्वरती पाठ, नृत्य प्रतियोगिता, खेल गतिविधि आदि गतिविधियों में भी शिक्षित करने पर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज इस आधुनिक दौर में मान बिंदु और आदर्श बदल रहे है और अगर आधुनिक बनना है तो विचारों और तकनीकी में बनें। उन्होंने शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। समाज मे नैतिक शिक्षा और चरित्र शिक्षा का होना जरूरी है और छात्र जीवन मे संस्कार भी जीवित रहे यह भी आवश्यक है। अपने संबोधन में उन्होंने अंत मे विद्यालय की सफलता और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर आरएसएस प्रचार प्रमुख कृपा शंकर, कुलपति दून विश्वविद्यालय सुरेखा डंगवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो नेहा जोशी, निर्वतमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अनिल गोयल, लक्ष्मी प्रसाद जयसवाल, प्रधानाचार्य विशाल जिंदल, मनीषा जिंदल नीरज मित्तल, नंदनी शर्मा, नन्द किशोर, मंजू कटारिया, सचिन गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

## डोईवाला पुलिस द्वारा झगडा कर लोक शान्ति भंग करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लाईसेन्सी शस्त्र किया जब्त

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

डोईवाला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा शेरगढ माजरी मे हंगामा किया जा रहा है, तथा उक्त व्यक्ति अपने साथ बन्दूक लेकर घूम रहा है। सूचना पर तुरन्त डोईवाला पुलिस मौके पर पहुँची तो अभियुक्त मेलाराम पुत्र अमिया निवासी शेरगढ माजरीग्रान्ट कोतवाली डोईवाला देहरादून जो गाँव मे रहने वाले व्यक्तियो के साथ खेत मे पानी लगाने को लेकर उनसे झगडा कर मारपीट करने पर उतारू था तथा अभियुक्त लाईसेन्सी शस्त्र लेकर लोगो के साथ विवाद करते हुए मिला। अभियुक्त द्वारा इस प्रकार से अपने साथ अस्लाह लेकर लोगो से विवाद करने पर आमजन के मध्य भय व्याप्त होने एवं मौके पर लोकशान्ति भंग होने तथा उक्त अभियुक्त द्वारा किये जा रहे उक्त कृत्य से किसी भी संगीन अपराध,घटना को अंजाम दिये जाने की प्रभल सम्भावना के दृष्टिगत डोईवाला पुलिस द्वारा अभियुक्त मेलाराम को धारा 170 इठरर मे गिरफ्तार किया गया । डोईवाला पुलिस द्वारा अभियुक्त से बरामद लाईसेन्सी शस्त्र 12 बोर गन को जब्त किया गया, अभियुक्त का शस्त्र लाईसेन्स निरस्त किये जाने को लेकर जिलाधिकारी देहरादून को रिपोर्ट भेज भेज दी गई ।

## उत्तरकाशी में अवैध खनन और परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**चिन्यालीसौड,** तहसील चिन्यालीसौड में भागीरथी नदी का जलस्तर कम होने के कारण खच्चरों द्वारा जमा अवैध उपखनिज को ट्रैकों और पिकप द्वारा अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस सूचना के आधार पर तहसीलदार चिन्याली और खनन विभाग उत्तरकाशी की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ेथी के पास से नदी से बाहर आते ट्रक संख्या यू0के010 सी0ए0-1316 में 12 टन रेता और पिकप संख्या यू0के0 07सी0ए0-8748 में 03 टन रेता भरा पाया गया। वाहन चालकों के पास कोई वैध दस्तावेज न होने के कारण ऑनलाइन चालान काट दिए गए। इसके पश्चात धरासू-चिन्याली मोटर मार्ग पर एक ट्रक संख्या यू0के0 10 सी0ए0 3146 में 14 टन डस्ट/बजरी भरी होने पर वाहन चालक के पास कोई वैध ई-रवन्ना न होने के कारण वाहन को ऑनलाइन चालान किया गया। तीनों वाहनों के अवैध परिवहन में लिप्त होने के कारण 80,150 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। प्रभारी जिला खान अधिकारी उत्तरकाशी प्रदीप कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। आज के औचक निरीक्षण में तहसीलदार चिन्यालीसौड धनीराम डंगवाल, खनन विभाग से सहायक खनिज पर्यवेक्षक विजय कुटी और सर्वेयर शिवम भण्डारी आदि उपस्थित रहे। इस कार्यवाही के दौरान, स्थानीय निवासियों ने भी अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया कि अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकार की कार्यवाही से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की अनियमितता को सहन नहीं करेगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस कार्यवाही की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की सख्ती जारी रहेगी।

# बाबा साहब पर गृहमंत्री के बयान से आक्रोश,राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन









मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उन्नाव विधानसभा बांगरमऊ के अध्यक्ष डॉ रामपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ तहसील बांगरमऊ में पहुंचकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर आपत्तिजनक बयान देने के विरोध में प्रदर्शन कर कर ज्ञापन प्रेषित किया गया

बाबा साहब आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर समाजवादी ने कड़ा विरोध जताया है। आज दोपहर बांगरमऊ लखनऊ रोड से पैदल ही विरोध प्रदर्शन कर कर तहसील तक पैदल ही जाने का निर्णय लिया था लेकिन पुलिस ने बांगरमऊ लखनऊ रोड पर ही रोक लिया शांतिपूर्वक तहसील में पहुंचकर ज्ञापन उपजिला अधिकारी को सौंपा

विरोध-प्रदर्शन किया गया। गृहमंत्री को मंत्रीमंडल से बर्खास्त करने की मांग कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। बांगरमऊ अध्यक्ष रामपाल कुशवाहा ने बताया कि गृहमंत्री ने संसद में वक्तव्य देते हुए बाबा साहब को अपमानित किया है। गृहमंत्री के बयान को पूरी दुनिया ने देखा, सुना है। बयान देने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लगता है भाजपा गृहमंत्री के बयान पर उनके साथ है।उन्होंने कहा समाजवादी की मांगें पूरी नहीं होने पर आने वाले समय में आंदोलन किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरूआत लखनऊ बाईपास चौराहा से की गई।

ज्ञापन देने वालों अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव गुलिस्तान खान, विधानसभा बांगरमऊ के महासचिव डॉक्टर फखरुद्दीन, अंबेडकर सभा से राम करन गौतम, श्री पाल रावत, हर दयाल कुरील, चंद्र मोहन पासी, सुंदरलाल गौतम, जिला सचिव सरवन यादव, छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष शिवम यादव, दिलीप यादव, महिला सभा से यशोदा निषाद, बबलू यादव, आशीष यादव, अजीत कुमार, अन्य उपस्थित रहे।

## भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का सदन में जिस तरह से अपमान हुआ है




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उन्नाव बांगरमऊ वह बहुत ही निंदनीय है। प्रेस वार्ता को निवर्तमान जिला अध्यक्ष आरती वाजपेई ने संबोधित किया। बाजपेई ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का सदन में जिस तरह से अपमान हुआ है वह बहुत ही निंदनीय है। गृहमंत्री अमित शाह को उसके लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए और अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। हम गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि कल सबह 11:30 बजे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय उन्नाव को दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में आशीष त्रिपाठी, कृष्ण पाल सिंह यादव, कमल तिवारी,राजीव रत्न राजवंशी,ओम पांडे,युसूफ फारूकी,अगम देव सिंह,अशोक अवस्थी,तन्मय श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा,शाश्वत बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

# बांगरमऊ में मिनी बस ने बाइक को मारी टक्कर, दो दोस्तों की हुई मौत एक दोस्त की हालत नाजुक

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना तब हुई जब तीन दोस्त जिम से लौटने के बाद एक बाइक पर सवार होकर टहल रहे थे। तेज रफ्तार अज्ञात मिनी बस ने बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। बता दे कि घटना में सलमान उर्फ कल्लू (25) और ईशान गुप्ता (16) की मौत हो गई। आयुष गुप्ता (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तीनों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने ईशान और सलमान को मृत घोषित कर दिया। आयुष की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि, अज्ञात बस चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतकों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बांगरमऊ सीएचसी पर सैकड़ों लोग जमा हो गए, जिससे पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी मोहल्ला गुलाम मुस्तफा के आयुष गुप्ता, लखनऊ रोड के ईशान गुप्ता और मोहल्ला गोंडा टोला के सलमान उर्फ कल्लू गहरे दोस्त थे। जिम से लौटते वक्त उनकी यह दोस्ती सड़क हादसे में हमेशा के लिए टूट गई। पुलिस ने परिजनों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही आश्वासन दिया है कि दोषी बस चालक की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।




# भूमाफिया के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन को आंदोलन

## दिल्ली में हो रहे किसानों के आमरण आंदोलन को दिया समर्थन

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून।** किसानों के उत्पीड़न व पंजाब के किसानों के दिल्ली में एम.एस.पी. काननूी गारंटी को लेकर चल रहे धरने के समर्थम में भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने दून के गांधी पार्क में उपवास रखते हुए धरना दिया। इस दौरान दून के मौजा आरकेडिया ग्रान्ट, परगना पछवादून जिला देहरादून में मेंहदीरत्ता परिवार की भूमि को हड़पने का प्रयास करने वाले भूमाफिया राजेन्द्र अग्रवाल का मामला भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने उठाया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने कहा कि राजधानी दून में भूमाफिया राजेन्द्र अग्रवाल ने न तो मेंहदीरत्ता परिवार को पैसे दिए और सौदा करके जो चैक दिए वो भी बोनस हो गए फिर भी राजेन्द्र अग्रवाल इन लोगों की जमीन हड़पने का प्रयास कर रहा है।उन्होंने कहा कि एम.एस.पी. काननूी गारंटी को लेकर देश भर में किसान आंदोलित है और वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आमरण अनशन कर रहे है जिनका समर्थन भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन सौपतें हुए कहा कि वह केन्द्र सरकार को पत्र लिखे और एम.एस.पी. गारंटी कानून लागू करने का अनूरोध भारत सरकार से करे।




उन्होंने कहा कि मेंहदीरत्ता परिवार जो कि मौजा आरकेडिया ग्रान्ट, परगना पछवादून जिला देहरादून में खेती की भूमि है जिसकों हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। मेंहदीरत्ता परिवार ने किसान यूनयिन से मदद की गुहार लगाई है। परिवार को आरोप है कि राजेन्द्र अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व कृषि मंत्री गणेश जोशी के साथ फोटो खिचवा रखी है। जिसको दिखाकर राजेन्द्र अग्रवाल मेंहदीरत्ता परिवार व थाना प्रेमनगर पुलिस पर रौब गांठता है साथ ही एक बड़े पुलिस अधिकारी को अपना पाटर्नर बताते हुए पुलिस पर दबाव बनाता है। जिसको लेकर किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए नहीं तो किसान यूनियन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगी।धरने देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी राजी सचदेवा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री नाथूराम चौहान, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष पवन चौहान, मेहताब सिद्दीकी, इसरार अहमद, राजेंद्र सिंह, देहरादून जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी, विनोद चौहान, बी. एस. यादव, प्रियव्रत व मोहम्मद अनवर, उमेश कुमार, सुमित कुमार, राकेश कुमार, जावेद सिद्दीकी, किशन सिंह, शफीक ठेकेदार, मोहम्मद इरशाद, मनमोहन सिंह, आदि मौजूद रहे।

## मंधाना और रेणुका के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले एक-दिवसीय में वेस्टइंडीज को 211 रनों से हराया



**वड़ोदरा**

स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद रेणुका सिंह की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय में 211 रनों से हरा दिया। ये रनों के हिसाब से घरेलू धरती पर भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के 91 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 314 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की महिला टीम 26.2 ओवरों में 103 रनों पर ही सिमट गयी।

वेस्टइंडीज टीम के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। उसके सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। कैरेबियाई टीम के लिए सबसे ज्यादा रन फ्लेचर ने बनाया। उन्होंने 22 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा शेमैन कैम्पबेल ने 21 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से रेणुका सिंह ने सबसे अधिक 5 विकेट लिए। वहीं इस मैच में मंधाना ने अपना लगातार चौथा अर्धशतक लगाया। उनके अलावा हरलीन देयोल ने 44 रन और ऋचा घोष ने 12 गेंदों पर 26 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 23 गेंदों पर 34 रन बनाये । इस प्रकार भारतीय टीम ने 314 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से जायदा जेम्स ने 5 विकेट लिए।

## प्रशंसकों को एमसीजी में विराट से बड़ी पारी की उम्मीदें

**मेलबर्न**

भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों को यहां के एमसीजी मैदान पर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। विराट को ये मैदान काफी रास आता है और उन्होंने यहां ढ़ेर सारे रन बनाये हैं पर इस सीरीज में अब तक विराट अपने बल्ले की चमक नहीं दिखा पाये हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पर्थ में शतक जमाने के बाद बाकी की पांच पारियों में वह केवल 26 रन ही बना पाये हैं हालांकि उनके प्रशंसकों को भरोसा है कि विराट अपने पसंदीदा मैदान एमसीजी पर अच्छा प्रदर्शन करेंके। यहां उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक है कि टूर गाइड से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक सभी की जुबां पर उन्हीं का नाम है। एमसीजी पर ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय के टिकट काउंटर पर भी उनकी तस्वीरें लगी हैं।

# खेल जगत में छाया रहा विनेश को अयोग्य घोषित करने का विवाद

**नई दिल्ली**

भारतीय खेल जगत में इस साल कई विवाद भी छाये रहे। इसमें ओलंपिक फाइनल से पहले ही महिला पहलवान वीनेश फोगाफ का अयोग्य घोषित होना रहा। इसके अलावा पहलवान बजरंग पर लगा प्रतिबंध भी छाया रहा। ओलंपिक में महिला पहलवान अंतिम पंघाल भी अपनी गलत तरीके से अपनी बहन को खेलगांव में पहुंचाने के कारण निशाने पर रहीं।

**विनेश फोगाट पेरिस**

विनेश को ओलंपिक के फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित करने से भारतीय खेल जगत स्तब्ध हो गया। मुकाबले की सुबह उनका वजन 50 किग्रा की तय सीमा से लगभग 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। कुश्ती की वैश्विक संस्था के अनुसार आयोग्य पहलावन को प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर माना जाता है। इस कारण विनेश को रजत भी नहीं मिला।

विनेश ने कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन ऑफ



स्पोर्ट्स (कैस) के सामने रजत पदक देने की अपील की थी पर कैस ने उनकी अपील ठुकरा दी।

**बजरंग पर लगा प्रतिबंध**

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया को नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 4 साल के लिए निलंबित कर दिया था। बजरंग ने मार्च में आयोजित हुए राष्ट्रीय ट्रायल्स के दौरान अपना डोप सैम्पल नहीं भेजा था। इसी कारण उन पर ये बड़ी कार्रवाई की गई थी। इससे अब बजरंग न तो किसी टूनामेंट या ट्रायल में भाग ले पाएंगे और न ही विदेशों में किसी को कोचिंग दे पाएंगे।

**अंतिम पंघाल**

पेरिस ओलंपिक में भारत की एक महिला पहलवान अंतिम पंघाल के कारण भी खेल जगह को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। पंघाल ने फर्जी तरीके से अपने पहचान पत्र के आधार पर अपनी बहन को खेलगांव के अंदर प्रवेश दिलाने का प्रयास किया था।

सुरक्षा अधिकारियों ने अंतिम की बहन निशा पंघाल को एक्रेडिटेशन कार्ड का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा था। इस पंघाल ने अपने जवाब में कहा था कि वह कुछ सामान खेलगांव में भूल गई थीं, जिसके लिए उन्होंने अपना एक्रिडिटेशन कार्ड बहन को दिया था।

# 2025 जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली**

साल 2025 में भारत जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आ-ईएसएसएफ) का टूनार्मेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ह्यह्यपिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आ-ईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी ह्नह्नउन्होंने कहा, ह्यह्यहमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिका-



रक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ह्नह्न वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ह्यह्यआ-ईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरूआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इस्-के बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें ह्नह्न इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आ-ईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था।

# ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा : शास्त्री



**मेलबर्न**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा। हैड ने अब तक इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाये हैं और सबसे अधिक रन बनाये हैं। शॉर्ट बॉल को जल्दी पहचानने की क्षमता के कारण ही वह बड़े शॉट लगाने में सफल हुए हैं। इस सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद से ही हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि टेस्ट में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी।

शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत चतुर क्रिकेटर है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था पर अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट गेंदों को खेलते हैं। पहले वह इस गेंद को खेलने के लिए तैयार रहते थे पर अब उन्होंने इसे छोड़ना भी सीख लिया है। गेंद की ह्यलाइन एवं लेंथ को जल्दी से परखने की क्षमता हैड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं। जब वह लय में होते हैं तो उन्हें रोकना कठिन हो जाता है। शास्त्री ने कहा कि वह लेंथ अच्छी तरह पकड़ लेता है। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है। और उनके पास आ-ॅफसाइड के लिए शानदार शॉट होते हैं। इसलिए उन्हें रोकना मुश्किल है। इसके साथ ही वह सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के लगभग हर बल्लेबाज के लिए कठिन रहा है पर हैड ने उनका भी सामना आसानी से किया है। शास्त्री ने कहा कि हम सभी जानते थे कि वह खतरनाक है, इसलिए उसे जल्द से जल्द रोकना जरुरी है।

## अभिजीत बोले- सलमान अभी भी उनमें से नहीं जहां पर मैं, उनके बारे में क्या चर्चा करूं



**मुंबई,**

बॉलीवुड गायक अभिजीत भट्टाचार्य अपनी आवाज से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। अब तक के करियर में उन्होंने कई ऐसे गाने गाए हैं जो सुपरहिट हुए हैं। अभिजीत एक हजार से ज्यादा गाने गा चुके हैं। वह गानों के साथ अपने बयानों के लिए भी सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में अभिजीत ने सलमान खान पर निशाना साधा है।

अभिजीत ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। एक साक्षात्कार में शुभंकर ने जब अभिजीत से सलमान खान को लेकर सवाल किया तो गायक अभिजीत ने पहले टॉपिक चेंज करने को कहा। इसके बाद वह बोले कि सलमान खान अभी भी उन में नहीं आता जहां पर मैं उनके बारे में चर्चा करूं। अभिजीत ने आगे कहा कि शाहरुख खान एक अलग स्तर से हैं। उनके साथ मेरे जो भी मुद्दे हैं वह सिर्फ काम से जुड़े हैं। वहीं, जब सलमान खान के हिट एंड रन को लेकर सवाल किया तो उन्होंने पहले तो टॉपिक चेंज करने को कहा लेकिन बाद में बोले- मैंने बस इतना कहा था कि अगर कोई सड़क पर सोएगा, तो कोई लापरवाह इंसान उनके ऊपर गाड़ी चढ़ा सकता है। उनको सपोर्ट कभी नहीं किया। सड़क पर सो रहा आदमी फुटपाथ पर भी सुरक्षित नहीं है। मैंने कहा रोड पे सोएंगे तो एक दारूबाज आएगा दारू पीके। गाड़ी चढ़ा देगा तुम्हारे ऊपर। मुझे इसमें क्यों शामिल होना चाहिए?

## विजय संग पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी पूजा हेगड़े

**मुंबई**

मोस्ट अवेटेड फिल्म ह्यथलपति 69ह्न मेंअभिनेत्री पूजा हेगड़े पहली बार सुपरस्टार थलापति विजय के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री पूजा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में चेन्नई की खूबसूरत सुबह का जिक्र किया और बताया कि उनकी शूटिंग का दिन सुबह 6:30 बजे शुरू हो चुका है।

पूजा हेगड़े ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म ह्यथलपति 69ह्न की शू-टंग की झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। पोस्ट में ह्यचेन्नई मॉर्निंग्स डे 16ह्न लिखा हुआ देखा जा सकता है, जिससे पता चलता है कि फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है। ह्यथलपति 69ह्न का निर्देशन एच. विनोद कर रहे हैं और यह केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले वेंकट के. नारायण द्वारा निर्मित है। इस फिल्म की शुरूआत 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा के साथ हुई थी। विजय और पूजा के अलावा फिल्म में गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियामणि, ममिता बैजू, मोनिशा ब्लेसी और वरलक्ष्मी शरतकुमार जैसे दमदार कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में विजय एक निलंबित पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे, जो एक विशेष मिशन के लिए अपनी शक्ति वापस पाता है।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में शुभमन पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा

**मेलबर्न**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की नजरें यहां एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर बॉक्सिंग डे पर शुरू हो रही चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी। शुभमन अब तक इस सीरीज में एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। एशियाई देशों के बाहर अब तक उनका रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है जिससे भी वह बेहतर करना चाहेंगे। साल 2022 के बाद से ही एशिया के बाहर उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। शुभमन ने साल 2021 ब्रिसबेन टेस्ट के बाद से ही 16 पारियों में 17.80 की औसत से 267 रन बनाए हैं। साल 2021 में गिल ने 146 गेंदों में 91 रन की दमदार पारी खेली थी लेकिन उसके बाद से ही उनका बल्ला खामोश है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन तीन पारियों में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।




पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट गिल ने नहीं खेला था। लेकिन दूसरे टेस्ट में वह अंतिम ग्यारह का हिस्सा थे और सिर्फ 59 रन ही बना सके। पहली पारी में 31 और दूसरी पारी में उन्होंने 28 रन ही बनाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के शुरूआती तीन मैच खेले जा चुके हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट भारत ने जीता जबकि उसके बाद एडिलेड टेस्ट में उसे हार झेलनी पड़ी तो गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में अभी तक विफल रहे हैं। शुभमन की खराब फॉर्म भी टीम के लिए चिंता का विषय बन गई है। आने वाले समय को देखते हुए भारतीय क्रिकेट को शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों से ही उम्मीदें रहेंगी। शुभमन में सभी को टीम का भविष्य नजर आता है। यही कारम है कि उन्हें टीम में लगातार अवसर मिलते रहते हैं।

# पुष्पा-2 कमा चुकी है 1400 करोड़ रुपये से अधिक

**मुंबई**

दक्षिण के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। अब तक 1400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस बीच, 20 दिसंबर को बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्म मुफासा और हिंदी फिल्म वनवास की रिलीज ने फिल्म पुष्पा 2 के शोज और सिनेमाघरों की संख्या में कमी ला दी है, लेकिन इसके बावजूद फिल्म की सफलता का कोई असर नहीं पड़ा है। इससे पहले यह अफवाहें थीं कि 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म बेबी जॉन और पुष्पा 2 के बीच सीधा टकराव हो सकता है, क्योंकि दोनों ही फिल्में बड़ी और बहुप्रतीक्षित हैं। बेबी जॉन का निर्देशन एटली कर रहे हैं, और यह फिल्म वरुण धवन के अभिनय से सजी है। हालांकि,




एटली ने इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज किया है।

उन्होंने एक प्रेस मीट में कहा, ह्लयह एक पारिस्थितिकी तंत्र है। मैं और अल्लू अर्जुन सर बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम दोनों जानते हैं कि हमारी फिल्में एक-दूसरे से टकराएंगी नहीं। बेबी जॉन को हम दिसंबर के चौथे सप्ताह में रिलीज कर रहे हैं, और हम अपनी रिलीज की योजना को बहुत सोच-समझ-कर बनाए रखते हैं।ह्व एटली ने यह भी खुलासा किया कि अल्लू अर्जुन ने हाल ही में उन्हें बेबी जॉन के लिए बधाई दी थी, जो इस इंडस्ट्री में दोस्ती और समर्थन का प्रतीक है। एटली ने कहा कि यह फिल्म इंडस्ट्री एक बड़ी पारिवारिक भावना के तहत काम करती है, और इस तरह की अफवाहों से किसी का कोई फायदा नहीं होता। एटली, जो पहले शाहरुख खान के साथ जवान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके हैं, ने भारतीय सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अपने जुनून को साझा किया।

उन्होंने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट्स पर कोई दबाव नहीं होता क्योंकि उन्हें वही करना पसंद है जो वे कर रहे हैं। बेबी जॉन का निर्माण एटली और उनकी पत्नी प्रिया के बैनर के साथ-साथ मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे के स्टूडियोज द्वारा किया गया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी, कीर्ति सुरेश और सलमान खान भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। बता दें कि फिल्म पुष्पा 2: द रूल का प्रदर्शन अभी भी जबरदस्त तरीके से चल रहा है और दर्शकों के बीच इसकी लोकप्रियता बनी हुई है।

**विशेष सूचना**

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दर्शार्ये गये हैं।

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार